**State Council of Educational Research & Training, Chhattisgarh Shankar Nagar, Raipur (C.G.)**

**राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर**

Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496 Website: www.scert.cg.gov.in Email: scertcg@gmail.com

**क्र./स्टोर/सुरक्षा व्यवस्था /निविदा/2018/987** **रायपुर दिनांक 16.03.2018**

**निविदा फार्म क्रमांक .........**

संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्/सीमेट भवन कुल क्षेत्रफल 17,775 वर्गफीट (तीन मजिल) तथा अतिथिगृह भवन का कुल क्षेत्रफल 29,939 वर्गफीट पर (पाँच मंजिल) निर्मित भवनों एवं लॉन एरिया 30,000 वर्गफीट की सुरक्षा व्यवस्था हेतु एक कैलेंडर वर्ष के लिए वर्ष 2018 हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र की बिक्री/जमाकरने/ खोले जाने की तिथि एवं समय तथा स्थान की जानकारी निम्नानुसार हैः—

| | |
|---|---|
| 1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि | दिनांक 05.04.2018 सायं 05.00 बजे तक |
| 2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 06.04.2018 दोपहर 02.00 बजे तक |
| 3. निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 06.04.2018 सायं 4.00 बजे तक |

**स्थान— संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छ.ग. रायपुर**

निविदा प्रपत्र, नियम एवं शर्ते तथा अन्य जानकारी कार्यालयीन समय पर कार्यालय राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् में प्राप्त की जा सकती है।

निविदा प्रपत्र का मूल्य 500/— (पाँच सौ रूपये मात्र) है, जिसे नगद जमा करना होगा। वह राशि वापसी योग्य नहीं होगी।

**नियम एवं शर्तेः—**

1. निविदा दो सीलबंद लिफाफा 'ए' एवं 'बी' में जमा करना होगा।

   **(अ)** लिफाफा 'ए' में निर्धारित आवेदन पत्र फार्म 'ए' के साथ रू. 50,000/— (अक्षरी पचास हजार रू.) मात्र का अनुसूचित बैंक का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़ रायपुर के नाम देय होगा, रखा जावे। इस लिफाफा के ऊपर बड़े अक्षरों में आवेदन पत्र व सुरक्षा राशि का लिफाफा — ए लिखा जावे।

**(ब)** लिफाफा 'बी' वित्तीय निविदा निर्धारित प्रपत्र में फार्म–बी रखा जावे इस लिफाफा के ऊपर बड़े अक्षरों में वित्तीय लिफाफा बी लिखा जावे। सबसे पहले लिफाफा 'ए' खोला जावेगा इसके बाद लिफाफा 'बी'।

2. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं कि जायेगी। निविदा प्रस्तुत करने का आशय यह होगा कि निविदाकार को इस निविदा की सभी शर्ते स्वीकार है।
3. निविदा आवेदन पत्र के साथ फार्म–ए निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करना होगा।
4. सुरक्षा एजेंसी कार्य हेतु अमानत राशि रू. 50,000 (अक्षरी पचास हजार रूपये मात्र) किसी अनुसूचित बैंक का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़ रायपुर के नाम से निविदा फार्म के साथ प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।
5. छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुरक्षा एजेंसियों के लिए निर्धारित सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना होगा।
6. निविदा कर्त्ता को जी.एस.टी. पंजीयन नम्बर की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगा।
7. फर्म/संस्था का EPF पंजीयन के प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
8. फर्म/संस्था ESIC पंजीयन के प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
9. फर्म/संस्था का MSME/NSIC पंजीयन के प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
10. फर्म/संस्था का ISO 9001:2015 पंजीयन के प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
11. फर्म/संस्था का पेन नम्बर की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगा।
12. फर्म/संस्था के सुरक्षा गार्ड के कार्य का जीवित पंजीयन संलग्न करना होगा।
13. फर्म/संस्था के सुरक्षा गार्ड से संबंधित कार्य हेतु पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना होगा।
14. निविदा कर्त्ता को सुरक्षा व्यवस्था कार्य शासकीय/अर्धशासकीय/फर्म में किये गये कार्य का विगत 03 वर्षो का (2015–16, 2016–17, 2017–18) अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
15. निविदाकार संस्था/फर्म का विगत तीन वर्षों का (2015–16, 2016–17, 2017–18) लगातार प्रत्येक वर्ष न्यूनतम 50 लाख (पचास लाख़ रू.) सुरक्षा एजेंसी कार्य का टर्नओवर (जिसका चार्टडेट एकाउन्टेट का सत्यापन प्रमाण पत्र) प्रस्तुत किया जाना होगा।

16. निविदाकर्ता द्वारा छत्तीसगढ़ शासन का श्रम आयुक्त द्वारा निर्धारित वेतन मान से कम वेतन मान की निविदा स्वीकार नहीं किया जावेगा।
17. निविदाकर्ता को राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़ रायपुर की सुरक्षा व्यवस्था कार्यो हेतु (सुरक्षा गार्ड–09 एवं सुपरवाइजर–01) प्रत्येक 08 घण्टे की प्रत्येक पाली में 03 सुरक्षा गार्ड सुबह 08:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक, शाम 04:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक एवं रात्रि 12:00 से प्रातः 08:00 बजे तक एवं 01 सुपरवाइजर की व्यवस्था किया जाना है।
18. निविदाकर्ता द्वारा राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़ रायपुर के मेन गेट, मुख्य भवन व अतिथि गृह प्रत्येक पर 01 सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था करना होगा (एक पाली में 03 सुरक्षा गार्ड)।
19. निविदाकर्ता द्वारा 01 सुपरवाइजर प्रत्येक पाली में 03 घंटे उपस्थित होकर सुरक्षा गार्डों की व्यवस्था को सुनिश्चित करना होगा।
20. सुरक्षा गार्ड की शिप्ट चेंज होने के दूसरे शिप्ट के सुरक्षा गार्ड को परिषद् भवन की सुरक्षा व्यवस्था के साथ–साथ राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़ रायपुर में उपलब्ध सामग्री की सुरक्षा व देख रेख की संपूर्ण जिम्मेदारी होगी।
21. निविदाकर्ता द्वारा सुरक्षा पर लगाये गये सुरक्षा गार्डों के द्वारा परिषद भवन एवं अतिथि गृह के अंदर व बाहर की संपूर्ण सुरक्षा की जिम्मेदारी होगी।
22. सुरक्षा गार्डो के द्वारा किसी भी असामाजिक तत्वों व व्यक्तिों के प्रवेश को रोकना होगा।
23. किसी भी पशु, गाय, भैंस, बकरी, सुअर आदि को परिषद् में प्रवेश से रोकना होगा।
24. निविदाकर्ता द्वारा सुरक्षा पर लगाये गये सुरक्षा गार्डो का पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
25. निविदा समिति को न्यूनतम निविदा दर स्वीकार करने की बाध्यता नहीं होगी।
26. निविदाकर्ता फर्म को सुरक्षा गार्ड कर्मचारियों की व्यवस्था करने वाले फर्म/संस्थान को EPF & ESIC तथा अन्य श्रम विभागों में पंजीकृत होना आवश्यक है जिसके द्वारा नियमानुसार कर्मचारी भविष्य निधि एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम का लाभ प्रदान किया जाना अनिवार्य है।

27. निविदा कर्त्ता द्वारा मुहर बंद निविदा कार्यालय संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़ रायपुर के नाम हस्तगत लिफाफा दिनांक 06.04.2018 को अपरान्ह 02:00 बजे से पूर्व तक प्राप्त होना चाहिए। 02:00 बजे के बाद निविदा स्वीकार नहीं होगा।

28. निविदा स्वीकृति होने पर इसकी सूचना लिखित में निविदाकार को दी जावेगी जिसे वैधानिक रीति से संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़ रायपुर के साथ निर्धारित प्रारूप में 03 दिवस के अंदर अनुबंध निष्पादित करना होगा, जब तक $L_1$ एवं $L_2$ की सुरक्षा निधि का बैंकर्स चेक/डी.डी. संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़ रायपुर के पास जमा रहेगा।

29. निविदाकर्त्ता को अपने व्यय से सुरक्षा कर्मियों को यूनिफार्म (संस्था मोनो सहित), जूते–मोजे, बिल्ले, डण्डा, रेनकोट, रात्रि गश्त के टॉर्च की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

30. निविदाकर्त्ता यह भी सुनिश्चित करेगा कि उपलब्ध कराये गये सुरक्षा गार्ड अपने कर्तव्य निष्पादन की अवधि में पूर्ण रूप से अनुशासित करेंगे तथा मर्यादा का पालन करेंगे और वे परिषद् में किसी वैयक्तिक आगंतुको से नहीं मिलेंगे, ना ही मद्यपान अथवा अन्य निषेधित मादक पदार्थों का सेवन करेंगे।

31. निविदाकर्त्ता यह भी सुनिश्चित करेगा कि सुरक्षा गार्डों की डियूटी के समय परिषद एवं अतिथि गृह से किसी भी सामग्री की चोरी होने पर चोरी गई सामग्री की कुल कीमत को निविदाकर्त्ता के बिल से कटौती की जायेगी।

32. निविदाकर्त्ता द्वारा समय–समय पर शासन द्वारा जारी प्रासंगिक परिपत्र के अनुसार मजदूरी का भुगतान किया जाना आपेक्षित है। यह भी उल्लेख किया जाता है कि पारदर्शिता के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए तथा श्रम मंत्रालय छ.ग. शासन के नवीनतम अनुदेशों का पालन करते हुए कर्मचारियों का मजदूरी भुगतान उनके बैंक खाते में किया जाना होगा।

33. निविदाकर्त्ता द्वारा प्रत्येक माह की 05 तारीख तक सुरक्षा गार्डो का मजूदरी वेतन भुगतान किया जाना अनिवार्य है। तत्पश्चात मजदूरी भुगतान के दस्तावेज साक्ष्य सहित बिल इस कार्यालय में प्रस्तुत किया जावे।

34. निविदाकर्त्ता द्वारा सुरक्षा व्यवस्था पर रखे गये कर्मचारी पूर्ण स्वस्थ एवं अधिक उम्र दराज न हो। निविदाकर्त्ता द्वारा नियोजित सुरक्षा गार्ड जिनका आचरण कार्य में नियोजित रखने योग्य न रहा हो को अलग करने का अधिकार संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़ रायपुर अथवा अधिकृत अधिकारी/कर्मचारी को होगा एवं निविदाकर्त्ता को तत्काल प्रभाव से पालन हेतु बंधनकारी होगा।
35. निविदाकर्त्ता को प्रत्येक माह कार्य पर लगाये गये सुरक्षा गार्डो का शैक्षणिक प्रमाण पत्र, नाम, पते व जन्म तिथि व चरित्र प्रमाण पत्र कार्य करने की तिथियों की जानकारी रखना होगा एवं मांगने पर प्रस्तुत करना होगा।
36. निविदाकर्त्ता द्वारा सुरक्षा कार्य पर लगाये सुरक्षा गार्डो का नाम, उपनाम, पूर्ण पता, शैक्षणिक योग्यता, जन्म तिथि का उल्लेख करते हुये सूची संचालक एस.सी.ई.आर.टी. रायपुर को देना होगा तथा सूची के अनुसार सुरक्षा गार्ड कार्य पर उपस्थित होंगे। सूची के भिन्न सुरक्षा गार्ड रखने हेतु पूर्व स्वीकृति संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़ रायपुर से प्राप्त करना होगा।
37. शर्तों का पालन न करने एवं विवाद की स्थिति में ठेका किसी भी समय निरस्त कर काली सूची में नाम दर्ज करने का संपूर्ण अधिकार संचालक राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़ रायपुर को होगा। जिसके विरूद्ध कोई अपील नहीं सुनी जावेगी।
38. किसी भी निविदा को बगैर कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार संचालक राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, रायपुर के पास सुरक्षित रहेगा।
39. किसी भी प्रकार की वाद–विवाद की स्थिति में संचालक राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् रायपुर का निर्णय अंतिम होगा एवं वेंडर पर बाध्यकारी होगा।

हस्ताक्षर ........................................................
वेंडर का नाम ............................................
पता ............................................................
............................................................................
............................................................................
मोबाइल नम्बर ................................................
फर्म की सील ..................................................

# राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़,
## शंकर नगर, रायपुर

## फार्म — 'ए'

निविदा फार्म क्रमांक .........

क्र./स्टोर/सुरक्षा व्यवस्था /निविदा/2018/987 — रायपुर दिनांक 16.03.2018

1. निविदाकार का नाम एवं फर्म की रबर सील..........................................................................
2. पूर्ण पता.................................................................................................................
   ..............................................................................................................................
3. दूरभाष कमांक.............................. मो.नम्बर ................................ ई. मेल...............................
4. स्थाई लेखा संख्या (PAN)...............................................................................................
5. जी.एस.टी. पंजीयन नं. ...................................................................................................
6. राष्ट्रीयकृत बैंक का डिमाण्ड ड्राफ्ट क.दि./राशि...............................................................
9. पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र न. — ..................................................................................
10. फर्म/संस्था का EPF पंजीयन नम्बर ...............................................................................
11. फर्म/संस्था ESIC पंजीयन नम्बर .................................................................................
12. फर्म/संस्था का MSME/NSIC पंजीयन नम्बर ...................................................................
13. फर्म/संस्था का ISO 9001:2015 पंजीयन ........................................................................
14. फर्म/संस्था के सुरक्षा गार्ड के कार्य का जीवित पंजीयन नम्बर ........................................

| | | |
|---|---|---|
| 15. तीन वर्षों का अनुभव प्रमाण पत्र — | 2017—18 | ........................................ |
| | 2016—17 | ........................................ |
| | 2015—16 | ........................................ |
| 16. विगत तीन वर्षों के सुरक्षा एजेंसी के — | 2017—18 | ........................................ |
| कार्य का प्रत्येक वर्ष के टर्न ओव्हर | 2016—17 | ........................................ |
| (रू. 50 लाख) की सी.ए. द्वारा | 2015—16 | ........................................ |
| सत्यापित प्रमाण पत्र की छायाप्रति | | |
| 17. विगत तीन वर्षों के सुरक्षा — | 2017—18 | ........................................ |
| एजेंसी के कार्य का प्रत्येक वर्ष | 2016—17 | ........................................ |
| के आयकर विवरण की सी.ए. द्वारा | 2015—16 | ........................................ |

सत्यापित प्रमाण पत्र की छायाप्रति

7. निविदाकार के फर्म के स्वामी / साझेदार / संचालक का विवरण :–

| क. | नाम | पिता / पति का नाम | पता | विवरण (स्वामी / साझेदार / संचालक) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

हस्ताक्षर ........................................................

मेसर्स ............................................................

पूरा नाम .......................................................

फर्म / संस्था के सुरक्षा गार्ड के कार्य का

जीवित पंजीयन नम्बर ..............................

GST नम्बर.......................................................

फर्म की सीील ...............................................

**प्रति,**

संचालक,

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्

शंकरनगर, रायपुर, छ.ग.

**विषयः** निविदा क्रमांक क्र. 987/स्टोर/सुरक्षा व्यवस्था /निविदा/2018 रायपुर दिनांक 16.03.2018

महोदय,

हम/मैं अपनी दरें संलग्न निविदा फार्म क्रमांक ................................ में भर रहे हैं/रहा हूँ। मैं संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, रायपुर के आगामी एक वर्ष तक के लिए एस.सी.ई.आर.टी. भवन/अतिथिगृह व परिसर की सुरक्षा व्यवस्था करने विषयक् सूचना क्रमांक ................................ के अनुक्रम में प्राप्त विवरण, उल्लेखित शर्तों एवं नियमों का भली–भाँति अध्ययन कर लिया है एवं समझ लिया है।

**2.** हम/मैं इन शर्तों एवं नियमों को पूर्ण रूप से मानने के लिए सहमत हूँ/हैं।

**3.** हम/मैं अमानत की राशि रू. 50,000 (रू. पचास हजार) का राष्ट्रीयकृत बैंक का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक क्रमांक ................................ दिनांक .......................... बैंक का नाम व पता ..........................................................................................................................

जमा कर रहे हैं/रहा हूँ।

**4.** हमने/मैंने निविदा के साथ निम्न प्रपत्र/दस्तावेज प्रस्तुत किये हैं।

**5.** अनुभव (पूर्व विवरण अलग से प्रपत्र में प्रस्तुत करें)

**संलग्न दस्तावेज :–**

1. ..........................................................
2. ..........................................................
3. ..........................................................
4. ..........................................................

**निविदाकार के हस्ताक्षर**

**पूरा नाम** .....................................

**फर्म** ...........................................

**दिनांक** ......................................

**टेलीफोन नं.** ...............................

**मो. नम्बर** .................................

# फार्म – बी

निविदा फार्म क्रमांक ........

क्र./स्टोर/सुरक्षा व्यवस्था /निविदा/2018/987 रायपुर दिनांक 16.03.2018

| क्र. | कार्य का नाम | सुरक्षा व्यवस्था का विस्तृत विवरण | प्रस्तावित दर प्रति गार्ड/सुपरवाइजर प्रतिमाह निविदाकार द्वारा भरा जावे। (राशि रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01. | राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् भवन, अतिथि गृह व परिसर की सम्पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था। | निविदा की शर्तों के अनुसार | 1. प्रति गार्ड रु.<br>(अंकों में)........................................<br>(शब्दों में)........................................<br><br>2. प्रति सुपरवाइजर रु.<br>(अंकों में)........................................<br>(शब्दों में)........................................ |

**नोट** – जी.एस.टी. अलग से देय होगा।

**निविदाकार के हस्ताक्षर**

पूरा नाम ..............................................

फर्म ..............................................

दिनांक ..............................................

टेलीफोन नं. ..............................................

मो.नम्बर ..............................................

फर्म का सील (मुद्रा)